हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–282 : जौनपुर, शुक्रवार 18 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुलायम जानते हैं अखिलेश हार रहे इसलिए बेटे का नाम तक नहीं लिया : सीएम योगी

नई दिल्ली ब्यूरो : करहल में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। बोले, करहल से सपा के जो प्रत्याशी हैं, वो जब नामांकन करने आए थे, तब बोले थे कि अब केवल सर्टिफिकेट लेने आऊंगा, लेकिन प्रोफेसर एसपी बघेल जी ने उन्हें पांच दिन में ही बुला लिया। योगी ने शिवपाल सिंह यादव का जिक्र करते हुए भी अखिलेश को आड़े हाथों लिया। बोले, बेचारे शिवपाल जो प्रदेश में मंत्री थे, यहां जनसभा में उसे बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं मिली। मुझे हंसी आ रही थी। कहां, ये प्रदेशभर में हजारों लोगों के साथ घूमते थे। नेताजी के सिपहसलार कहलाते थे। आज बैठने के लिए इन्हें कुर्सी का हत्था मिलता है। सीएम ने आगे कहा, नेताजी भी बहुत होशियार हैं। वो जानते थे कि यहां की जनता प्रोफेसर बघेल को जीता रही है। इसलिए वह अखिलेश का नाम नहीं लेना चाहते थे। कुछ लोग पीछे से बार–बार उनसे बोल रहे थे कि अखिलेश का नाम ले लें. .. लेकिन वो जानते ही नहीं थे कि यहां से कौन चुनाव लड़ रहा है। अब ये हालत हो गई है कि बाप अपने बेटे का नाम नहीं जानता। करहल में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी की करहल सीट में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। कहा, बुल्डोजर को मरम्मत करने के लिए भेज दिया है। 10 मार्च के बाद ये चलेगा। जिन लोगों की अभी गर्मी निकल रही है, वो 10 मार्च के बाद समाप्त हो जाएगी। योगी ने आगे कहा, मुझे मालूम चला है कि सपा के गुंडे जगह–जगह भाजपा के समर्थकों को धमकी दे रहे हैं। इन लोगों को बता देना चाहता हूं कि 10 मार्च तक का इंतजार कर लें।



इसके बाद बुल्डोजर चलेगा। योगी बोले– 10 मार्च के बाद चलेगा बुल्डोजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। योगी ने बोला, 10 मार्च के बाद उन लोगों पर बुल्डोजर चलेगा तो साढ़े चार साल बाद चुनाव के वक्त बाहर निकल रहे हैं। मैनपुरी में योगी ने सपा पर बोला हमला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैनपुरी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि जब इनकी सरकार बनी थी तब इनकी संवेदनाएं गरीबों, किसानों, युवाओं के प्रति नहीं थी। ये आतंकवादियों के साथ थे। यही कारण है कि सरकार में आते ही इन्होंने सबसे पहले अयोध्या, काशी की मंदिरों, वाराणसी, लखनऊ और रामपुर में आतंकी हमला करने वालों आतंकवादियों का मुकदमा वापस लिया।

## तीसरे चरण के लिए आज थम जाएगा प्रचार : 16 जिलों की 59 सीटों पर रविवार को मतदान

लखनऊ ब्यूरो : तीसरे चरण के लिए शुक्रवार को प्रचार थम जाएगा। इस चरण में 16 जिलों की 59 सीटों पर 20 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। दोनों ही प्रमुख दलों भाजपा व सपा के लिए यह चरण अहम माना जा रहा है। इस चरण में कई जिले ऐसे हैं जो कभी समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाता था, लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा ने यहां जबरदस्त सेंधमारी की थी और 59 में से 49 सीटें जीतीं थीं। सपा–कांग्रेस गठबंधन को 9 सीट मिली थी। सपा के लिए चुनौती अपने गढ़ को दोबारा पाने की है वहीं भाजपा के लिए चुनौती अपना पिछला रिकार्ड दोहराने की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि इस चरण में 16 जिलों की 59 सीटों पर रविवार को मतदान होना है। यहां शुक्रवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार पर रोक लगा दी जाएगी। इस चरण में हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, इटावा, मैनपुरी, कासगंज, फर्रुखाबाद,



कन्नौज, औरय्या, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, झांसी, ललितपुर, हमीरपुर और महोबा में चुनाव होना है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि जिन जिलों में चुनाव होना है, वहां बूथों पर सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

## धारदार हथियार से टेंट कारोबारी की हत्या : घर में लहूलुहान हालत में पड़ी मिली लाश

बिजनौर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में शुक्रवार सुबह एक खौफनाक वारदात हो गई। खानपुर गांव में टेंट कारोबारी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। मृतक व्यक्ति का शव घर में ही पड़ा मिला। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। डीजे और टेंट का काम करता था पवन शुक्रवार की तड़के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव खानपुर में पवन कुमार सैनी (35) पुत्र रामलाल सैनी अपने घर में मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ा मिला। पवन कुमार सैनी टेंट और डीजे का काम करता था। वहीं पवन का उसी के घर में लहूलुहान हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के सिर में धारदार हथियार से वार के निशान बने हुए थे। हत्या



के पीछे रंजिश का कारण माना जा रहा है।उधर, हत्या की सूचना मिलते ही एसपी देहात राम अर्ज और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना करते हुए हत्याकांड की जांच शुरू कर दी।

## कार्यकर्ताओ में अपार उत्साह है परिणाम स्वरूप भाजपा की फिर से सरकार बनेगी: महेश चंद श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा मुंगराबादशाहपुर विधानसभा प्रत्याशी अजय शंकर दुबे का मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत क्षेत्र में जन सम्पर्क कर प्रत्याशी के पक्ष में वोट भी मांगे। उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े अंतर से मुंगराबादशाहपुर में विजयी पताका लहराएगी। मुंगराबादशाहपुर विधानसभा सहित संपूर्ण प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है और इसी का परिणाम है कि प्रदेश में एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जारी कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए सीमित संख्या में टोली बनाकर कार्यकर्ता घर–घर जाकर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश का युवा स्वामी विवेकानंद और सरदार पटेल के मार्ग पर चलेगा, जिन्ना के मार्ग पर नहीं। उन्होंने कहा कि अखिलेश कह रहे हैं मैं आ रहा हूं, क्या करने आ रहे हैं। आकर क्या नौकरियों में पूरे कुनबे की भर्ती करेंगे? क्या सभी बैकवर्ड जातियों को कुचलने आ रहे हैं? या क्या फर्जी नियुक्ति करने आ रहे हैं? इसलिए आ रहे है कि आजम खां को जेल से छोड़ना है। जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने विकास की बात करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में चाइना से अच्छी सड़कें होने का दावा किया। 5 साल पहले बिजली का तार पकड़ने पर करंट नहीं आता था, लेकिन बिजली का बिल पकड़ने



पर करंट लगता था। बसपा सपा व कोंग्रेस को घेरते हुए कहा कि इनके शासन में आतंक था। उसी में जीते थे लोग लेकिन अब खुशहाली है। भाजपा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने दावा किया कि प्रथम चरण एक तरफ बीजेपी के पक्ष में सब की सब सीटे जीतेंगे। हिन्दू मुसलमान दंगा नहीं करेंगे गरीबी से लड़ेंगे। सपा सरकार में 4 दिन दंगा होते थे 7 दिन कर्फ्यू लगता था। अब 5 साल में एक कर्फ्यू नही लगा न दंगा हुआ। अंत मे भाजपा के प्रत्याशी अजय शंकर दुबे ने सभी आये हुये अतिथियों का धन्यवाद देते हुये कहा कि पार्टी ने जो हमारे ऊपर विश्वास की है उस पर हम खरा उतरने का कार्य करूँगा और यह सीट जीतकर भाजपा के खाते में डालकर भाजपा का सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाऊँगा। उक्त अवसर पर मुंगराबादशाहपुर के देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वाराणसी में बढ़ेगा पीएनजी का दायरा: छह नए क्षेत्रों में रसोई तक पहुंचेगी गैस : 45 हजार घरों तक पहुंच चुकी है पाइप लाइन

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में पीएनजी का दायरा बढ़ाने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड ने पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है। इस साल के अंत तक शहर के छह नए इलाकों में गेल की गैस रसोई घर तक पहुंच जाएगी। शहर के 10 हजार नए परिवारों को पीएनजी का लाभ मिलेगा। फिलहाल अभी करीब आठ हजार परिवारों तक ही पीएनजी पहुंच रही है। गेल के जरिये शहर के हर क्षेत्र के घरों तक पीएनजी पहुंचाने की योजना है। जिससे कि लोगों को एलपीजी की तुलना में कम कीमत पर गैस मुहैया कराया जा सके। इसी क्रम में शहर के छह नए इलाकों का चयन करके काम शुरू करा दिया गया है। पांडेयपुर, शिवपुर, सारनाथ, लहरतारा, सिगरा और महमूरगंज में पाइप लाइन बिछाने का काम पिछले माह से शुरू किया गया है, इसे अगले साल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके जरिये करीब 10 हजार घरों तक पहुंचने का लक्ष्य है। गेल की ओर से शहर में पीएनजी परियोजना 2018 से शुरू हुई थी। अब तक तीन चरणों में बरेका, बीएचयू, नेवादा, नगवां, सुंदरपुर आदि इलाकों को कवर किया गया है। पीएनजी के अधिकारियों के अनुसार तीन चरणों में करीब 250 करोड़ की लागत की लागत से काम हुआ है। इससे 45 हजार से अधिक घरों में पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए गए हैं व 11 हजार घरों की रसोई में पीएनजी से रोटियां पकाई जा रही हैं। गांवों तक पहुंचेगी सीएनजी सेवा पीएनजी ही नहीं सीएनजी के जरिये वाहनों को सस्ते दर पर ईंधन



मुहैया कराया जा रहा है। इसके साथ ही जीरो कार्बन उत्सर्जन से प्रदूषण पर भी रोकथाम की कोशिश की जा रही है। इस क्रम में गेल की ओर से 15 सीएनजी स्टेशन स्थापित किये जा चुके हैं। इससे वाहनों को लाभ मिल रहा है। रिंग रोड, तरना, नदेसर, सिगरा, बीएलडब्ल्यू, चितईपुर, भेलूपुर, चुरामनपुर, वाराणसी सिटी स्टेशन व खिड़िकिया घाट पर स्टेशन संचालित हो रहा है। करखियांव, राजातालाब, चौबेपुर, रामनगर, चोलापुर, गंगापुर में स्थापित करने के लिए काम चल रहा है। गेल के डीजीएम गौरीशंकर मिश्रा का कहना है कि शहर के छह नए इलाकों में पीनजी के तहत पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं ग्रामीण इलाकों में सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का काम भी जारी है। एलपीजी की अपेक्षा पीएनजी गैस की कीमत करीब आधी है।

## कमरे में सो रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से किया जानलेवा हमला : हालत गंभीर

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र के सराय गुलरिहा गांव में अपेक्स स्कूल के पीछे मकान बनाकर रह रहे युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, पिपराइच थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव निवासी इरशाद (26) पुत्र मोहम्मद हकीम गुलरिहा थाना के सराय गुलरिहा गांव में अपेक्स स्कूल के पीछे दो सालों से मकान बनवा कर रह रहा था। इस बीच गुरुवार देर रात घर में आगे के कमरे में सोया था। कमरे में दरवाजा नहीं लगा हुआ था। इस बीच रात में अज्ञात बदमाशों ने सिर व गले पर चाकू से वार कर दिया। चीख सुनकर घर के अंदर सो रही बहन आफरीन, यास्मीन व मां रूकसाना खातून पहुंची। घायल इरसाद को मेडिकल कॉलेज ले जाने पर डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घायल युवक बरगदही स्थित एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापक है। इसके साथ–साथ मेडिकल की तैयारी भी करता है, पिता सऊदी अरब में



कमाते हैं। देर रात घटनास्थल पर एसएसपी डॉक्टर विपिन टांडा पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## चिता जलने के बाद दूल्हा समेत आए पांच बराती : सादगी से हुई शादी

महराजगंज ब्यूरो : कुशीनगर के नौरंगिया गांव से बरात बृहस्पतिवार रात करीब 8:30 बजे महराजगंज के खेसरारी टोला पकड़ीयहवा में सुरेंद्र कुशवाहा के घर पहुंची। बरात में दूल्हा समेत पांच बराती शामिल थे। शादी भी सादगी के साथ हुई। दूल्हा अमित कुशवाहा के साथ उनके बड़े भाई सुधीर, छोटा भाई नीतिश, बहनोई जयहिंद एवं विनय बरात लेकर पहुंचे थे। मटकोड़ की रस्म अदायगी के दौरान हादसे में 13 लोगों की मौत से दुल्हन के घर भी मातम पसरा हुआ था। शादी की सारी तैयारी हो जाने की वजह



से दोनों पक्षों ने सादगी से शादी करने पर सहमति जताई थी। बरात के पहुंचने पर द्वार पूजा और शादी की रस्में सादगी से पूरी की गईं। साथ ही गांव के लोगों ने हादसे के शिकार हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। खेसरारी गांव के पकड़ीयहवां टोले के रहने वाले सुरेंद्र कुशवाहा कुछ बोलने के पहले फफक कर रो पड़े। इस घटना से गमगीन सुरेंद्र ने बताया कि बेटी सीमा की शादी धूमधाम से करने के लिए पूरी तैयारी कर रखी थी। ईश्वर ने ऐसा कर दिया कि आजीवन न भूलने वाली घटना हो गई। सीमा के भाई आकाश ने कहा कि चार पांच लोग दूल्हे के साथ शादी में आए, किसी तरह से रस्में पूरी कर ली गईं। सारे अरमान पल भर में खाक हो गए, अब क्या किया जाए? इस घटना को सोचकर रूह कांप जा रही है। परिवार के सदस्य गोपाल एवं भगवंत ने कहा कि भतीजी की शादी धूमधाम से करने की इच्छा मन में ही दफन हो गई। इस घटना ने परिवार को झकझोकर रख दिया है। बुधवार की रात हल्दी के मटकोड़ की रस्म के दौरान अचानक कुएं का स्लैब टूट गया और 25 से अधिक महिलाएं, युवतियां व बच्चे भरभराकर कुएं में गिर गए। इस दौरान दो बच्चियां सहित 13 महिलाओं की कुएं के अंदर मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

## यूक्रेन में पूर्वांचल के 50 से ज्यादा छात्र : घरवालों की चिंता बढ़ी

गोरखपुर ब्यूरो : यूक्रेन पर रूस के संभावित हमले की खबरें सार्वजनिक होते ही पूर्वांचल के 50 से ज्यादा घरों के लोग तनाव में हैं। इन घरों के बेटे या बेटियां यूक्रेन पढ़ने गए हैं। इसमें शहर के भी कई परिवार शामिल हैं। घरवाले बेहद तनाव में हैं और व्हाट्सएप के माध्यम से छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं। शहर के रामजानकी नगर मोहल्ले में रहने वाले अजीत सिंह के बेटे आकाश सिंह इस समय यूक्रेन के शहर खारकीव में नेशनल मेडिकल कालेज में एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्र हैं। अजीत सिंह इस समय दिल्ली में हैं और विदेश मंत्रालय व यूक्रेन में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों के संपर्क में हैं। रोजाना व्हाट्सएप से उनकी बेटे से बात भी हो रही है। अजीत सिंह ने बताया कि यूक्रेन के जिस मेडिकल कालेज में उनका बेटा पढ़ता है, वहां यूपी के करीब 40 छात्र पढ़ते हैं। गोरखपुर–बस्ती मंडल के ही 15 छात्र शामिल हैं। सभी एक–दूसरे के संपर्क में भी हैं। वहां कक्षाएं ऑफलाइन चल रही हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज में बरगदवां निवासी मानसी, अयोध्या निवासी अमन ग्रोवर और सिद्धार्थनगर निवासी फिरोज व हैदर भी पढ़ाई कर रहे हैं। सभी यूक्रेन में ही हैं। तनाव बढ़ते ही हवाई जहाज का किराया बढ़ा बिछिया के अतुल श्रीवास्तव के बेटे मनुशरण श्रीवास्तव भी यूक्रेन में हैं। वह बिनिस्तिया नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र हैं। अतुल की रोजाना बेटे से बात होती है। उन्होंने बताया कि तनाव बढ़ते ही हवाई किराया आसमान छूने लगा। यूक्रेन की राजधानी कीव से दिल्ली तक का किराया पहले 25 हजार रुपए था, अब यह करीब 95 हजार रुपये हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने यूक्रेन में स्थित दूतावास के जरिए सभी भारतीयों को अलर्ट पर रहने को कहा है। इस दौरान एक ऑनलाइन फार्म भी भरवाया गया है। सभी के परिजन संपर्क में हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आखिर चीन की चुनौती से कैसे निपटें?

चीन से जैविक खाद की एक खेप दूषित होने के बाद हाल के महीनों में श्रीलंका–चीन के संबंधों में कुछ हद तक समस्या आई है। चीनी दबदबे के कारण श्रीलंकाई विरोध खारिज हो गया और उन्हें सौदे के लिए चीनी कंपनी को 67 लाख डॉलर का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ा, और उनसे ताजा स्टॉक भी खरीदना पड़ा।

नए वर्ष के पहले ही दिन दो घटनाओं ने चीन के साथ अपने संबंधों पर भारत का ध्यान आकृष्ट किया। पहला एक वीडियो था, जिसमें गलवान घाटी में चीन का झंडा फहराया जा रहा था। यह वही जगह थी, जहां जून, 2020 में भारतीय एवं चीनी सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी। दूसरी घटना भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच नए साल के अवसर पर मिठाइयों के आदान–प्रदान की तस्वीरें थीं। जिन दस जगहों पर मिठाइयों का आदान–प्रदान हुआ, उनमें से सात पूर्वी लद्दाख में थीं, जहां दोनों देशों की सेनाएं पिछली गर्मियों से अभूतपूर्व तैनाती में एक–दूसरे का सामना कर रही हैं।

वास्तव में, दोनों देश अब भी कुगरंग नदी घाटी में पेट्रोलिंग प्वाइंट (पीपी) 15 जैसे अन्य क्षेत्रों से चीन को बाहर निकलने, देपसांग में 'बॉटलनेक प्वाइंट' में अपनी नाकाबंदी हटाने और भारतीय गश्ती दल को लगभग 900 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में जाने की अनुमति देने पर सहमति बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। भारतीय सैन्य सूत्रों का कहना है कि गलवान वीडियो टकराव की जगह पर शूट नहीं किया गया था, जो बहुत संभव है कि यह एक दुष्प्रचार (प्रॉपेगैंडा) था। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि इसका असर हुआ, तीन दिन बाद भारतीय सेना ने गलवान में भी तिरंगा फहराए जाने की अपनी तस्वीर लगाई, लेकिन कहां, यह स्पष्ट नहीं है।

नए साल के अपने सालाना भाषण में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत या किसी भी अन्य देश का जिक्र नहीं किया। लेकिन नए साल पर अपनी टिप्पणी में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारत का उल्लेख किया और कहा कि चीन ने 'कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में विवाद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित और नियंत्रित किया है।' दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के नजदीक लगातार अपनी स्थिति को मजबूत बना रहे हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने पैंगोंग झील के सबसे संकरे बिंदु पर एक पुल का निर्माण किया है, ताकि उनके आधार क्षेत्रों से झील के उत्तरी किनारे तक आवाजाही को सुगम बनाया जा सके।

यह सब भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पूर्वी लद्दाख सहित अग्रिम क्षेत्रों में कई पुलों और सड़कों का आभासी (वर्चुअल) उद्घाटन के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ है। चीनी और भारतीय सैन्य अधिकारियों के बीच 13वें दौर की वार्ता बेनतीजा रही। 14वें दौर की बातचीत के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले के दौर की बातचीत गलवान और पैंगोंग त्से से सैनिकों की वापसी कराने में सफल रही। लेकिन सरकार ने अब तक सबसे गंभीर समस्या देपसांग के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है, जहां लगभग 900 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर चीनी सैनिकों का कब्जा है।

ऐसा लगता है कि सरकार इस क्षेत्र को चीन को सौंपने के लिए तैयार है। कुगरंग नदी घाटी और डेमचोक के पास चारडिंग नाला में कई अन्य क्षेत्र भी हैं, जहां से चीनी अभी तक पीछे नहीं हटे हैं। यहां तक कि पूर्वी लद्दाख में चीनियों के साथ अपने सैनिकों के सामना करने के बावजूद, भारत दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में निरंतर चीनी बढ़त का सामना कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था के आकार और इसकी सैन्य क्षमता को देखते हुए, दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में इसे प्रधानता मिलनी चाहिए, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। पाकिस्तान, निश्चित रूप से एक ज्ञात समस्या है। लेकिन नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका में चीन का बढ़ता प्रभाव भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है।

नए साल के संबोधन के दो दिन पहले यह घोषणा की गई थी कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी की 2022 में पहली विदेश यात्रा इरिट्रिया, केन्या और कोमोरोस के साथ मालदीव, श्रीलंका की होगी। इन सभी देशों से भारत के हित जुड़े हैं, विशेष रूप से श्रीलंका से, जो भारतीय प्रायद्वीप से लगभग 30 किमी दूर है। वहां राजपक्षे परिवार फिर से सत्ता में है। हालांकि वे नई दिल्ली को खुश रखने के प्रति सावधान रहते हैं, पर वे हमारे लिए अनुकूल नहीं हैं।

चीन लगातार छह वर्षों से नेपाल के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है, जिसने 2020–21 में 18.8 करोड़ डॉलर निवेश की प्रतिज्ञा की है। यह बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है और चीन बिजली और ऊर्जा क्षेत्र के साथ–साथ एक्सप्रेस–वे, रेलवे लाइनों, पुलों और बंदरगाहों के निर्माण में भी निवेश कर रहा है। इसके अलावा, चीन बांग्लादेश का अब तक का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता है। हालांकि, ढाका अपने कर्ज के प्रबंधन में सावधानी बरत रहा है और अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ श्रीलंका जैसी समस्याओं का सामना नहीं करता है।

चीन से जैविक खाद की एक खेप दूषित होने के बाद हाल के महीनों में श्रीलंका–चीन के संबंधों में कुछ हद तक समस्या आई है। चीनी दबदबे के कारण श्रीलंकाई विरोध खारिज हो गया और उन्हें सौदे के लिए चीनी कंपनी को 67 लाख डॉलर का भुगतान करने के लिए बाध्य होना पड़ा, और उनसे ताजा स्टॉक भी खरीदना पड़ा। श्रीलंका के साथ चीन के संबंधों को अक्सर हम्बनटोटा बंदरगाह सौदे के चश्मे से देखा गया है। बेशक श्रीलंका में कर्ज की गंभीर समस्या है। लेकिन हमें श्रीलंका को दिए चीन के कर्ज के मुद्दे को बढ़ा–चढ़ाकर नहीं बताना चाहिए।

वास्तव में चीन का कर्ज उसके कुल कर्ज का महज 10 फीसदी है। हाल में हुए दो अध्ययन, एक लंदन स्थित चाथम हाउस और दूसरा, हार्वर्ड विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों द्वारा किया गया, इस लोकप्रिय आख्यान को खारिज करते हैं कि चीन जान–बूझकर असहाय विकासशील देशों को कर्ज में फंसा रहा है। दुनिया और भारत के सामने इस क्षेत्र में चीनी गतिविधियों का मुकाबला करने में सक्षम होने की चुनौती है। हालांकि, भारत के पास पैसे के मामले में चीन को टक्कर देने के लिए संसाधनों की कमी है।

लेकिन इस क्षेत्र में विकास सहायता के मुद्दे को हल करने के लिए यह जापान और अमेरिका जैसे देशों के साथ गठबंधन कर सकता है। जून 2021 में, जी–7 देशों ने चीनी बीआरआई के विकल्प के रूप में एक नई 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (बी3डब्ल्यू) पहल शुरू की थी। लेकिन इसका दायरा वैश्विक होगा, इसलिए नई दिल्ली को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बी3डब्ल्यू देशों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने में सक्रिय कूटनीतिक भूमिका निभानी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से समाज का हर वर्ग प्रभावित है:सुनील बंसल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने बैठक कर दिए रैली को सफल बनाने एवं चुनावी जीत सुनिश्चित करने के मंत्र। श्री बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से समाज का हर वर्ग प्रभावित है। सीएसएन पीजी कॉलेज ग्राउंड पर 20 फरवरी को होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा की तैयारियों के संबंध में बैठक जिला कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी प्रकाश पाल जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र आगरा से राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे की मौजूदगी में संपन्न हुई बैठक में रैली व्यवस्था प्रमुख राजीव रंजन मिश्र ने रैली से संबंधित विभिन्न दायित्व प्राप्त कार्यकर्ता पदाधिकारियों का परिचय कराया। जिला एवं रैली प्रभारी प्रकाश पाल ने सभी पदाधिकारियों को रैली से संबंधित सूक्ष्म एवं तकनीकी बिंदुओं से परिचित कराया। राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे ने विस्तार से सभी के दायित्वों की जानकारी दी जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा नीरज ने कहा कि प्रत्येक दिन रैली व्यवस्था बैठक संपन्न कराना सुनिश्चित करें। प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले के प्रभारी प्रकाश पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्र राज्यसभा सांसद हरिद्वार दुबे जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र गुजरात विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रमनलाल वोहरा पूर्व विधायक मोरबी गुजरात कांतिभाई अमृतिया एवं विधानसभा प्रभारी गण विधानसभा




संयोजक गण तथा प्रत्येक विधानसभा में लगे गुजरात से आए प्रवासी गण, एस सी मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र मधुर जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्रा ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ला नीतू चंद्रा कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी पाठक गांगेश पाठक प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी महिला मोर्चा प्रमुख अलका गुप्ता आईटी प्रमुख सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा अविनाश मिश्रा अनुराधा मिश्रा सत्यम शुक्ला अभिषेक ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में भयमुक्त समाज की स्थापना हुईः अनुप्रिया पटेल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : केन्द्रीय राज्यमंत्री अपना दल एस. की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने आज मल्लावां में भाजपा प्रत्याशी आशीष सिंह आशू के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने यूपी में विकास का प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने कहा पूर्व की सरकारों में अराजकता का महौल था, बहन बेटियाँ सुरक्षित नहीं थीं। भाजपा की सरकार ने प्रदेश को भय मुक्त कर दिया है। उन्होने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने कई एक्सप्रेस–वे, एयरपोर्ट सभी जिलों में मैडिकल कालेज बनवाने का काम किया है। युवाओं को रोजगार देने के लिए इन्फाट्रैक्चर बनाये गये हैं। कई शहरों में मैट्रो की सेवा दी गई है, उन्होंने अपने उदबोधन में बुजुर्गों, युवाओं व महिलाओं में जोश भरते हुए विधायक आशीष सिंह आशू के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जिताने की अपील की। केन्द्रीय राज्यमंत्री के सम्बोधन से पूर्व विधायक आशू ने जनता से बात करते हुए कहा कि उनके पाँच वर्ष कार्यकाल में दो वर्ष तो कोरोना काल में निकल गए। बचे तीन वर्षों में नदी का पुल, बरौना बीकापुर के बीच में 220केवीए का विद्युत उपकेन्द्र भुड्डन पुरवा में 30 बेड का अस्पताल, रत्तेपुरवा, माहिमपुर, चौधीपुरवा में



पुल निर्माण, संण्डीला से मेहदीघाट, माधौगंज से नयागाँव, माधौगंज से तेरवाकुल्ली सड़क का चौड़ीकरण कार्य, इसके अलावा तमाम नई सघ्ड़कों समेत अन्य विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने जनता से कहा कि अगर उनसे कोई भूल हुई हो तो वह भूल सुधार करने का काम भी करेंगे। उन्होने हरदोई के एक बड़े नेता पर वार करते हुए कहा कि वह नेता चाहते हैं कि उनके दरवार में आशू मथ्था टेकें लेकिन जनता उनके साथ है, जनता के सामने वह मत्था टेक सकते हैं लेकिन ऐसे सरगना के सामने वे मत्था नही टेकेंगे।

# एसकेडी एकेडमी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी एकेडमी एवं गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के तत्वावधान में आज मतदान जागरूकता रैली निकाली गई जिसका मुख्य नारा रुपहलेमतदानफिरऋजलपान। इस कार्यक्रम में महासमिति के अध्यक्ष डॉ बीएन सिंह जी,महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल, एस के डी एकेडमी की प्रिंसीपल डॉ कविता श्रीवास्तव , वाइस प्रिंसीपल बीना सिंह , महासमिति के उपाध्यक्ष डॉक्टर पशुपति पाण्डेय ,सचिव कर्नल ए एन पाण्डेय ,सी जी नायर , आलोक मिश्रा , संगठन सचिव शिव सेवक ,अरुण कुमार ,क्रीड़ा सचिव नंदिनी मिश्रा ,धर्म जागरण प्रमुख मनोज मिश्रा ,प्रचार सचिव अजय तिवारी जी,अमित शर्मा, नफीस अहमद,आशीष, धर्मेंद्र सोनी,भागवत मिश्रा जी,रूपेंद्र



यादव,अविनाश वर्मा, रवि एवं सभी अध्यापकों एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक इस अभियान को सफल बनाया।

# मंदिरों में पूजा आरती के लिए होगी विशेष व्यवस्था : संत समिति अखाड़ा परिषद और काशी विद्वत परिषद संभालेगी कमान

वाराणसी ब्यूरो : काशी के मंदिरों में हर दिन नियमित पूजन, भोग–राग, आरती के साथ ही मंदिरों में दर्शन, पूजन आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद व श्रीकाशी विद्वत परिषद् कमान संभालेगी। बृहस्पतिवार को विश्वनाथ गली स्थित विनायक गणेश, त्रिभुवनेश्वर महादेव का पूजन कर हमारे काशी हमारे देवालय अभियान का शुभारंभ संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, अन्नपूर्णा मंदिर के महंत स्वामी शंकरपुरी, विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने किया। अभियान के बारे में समिति से जुड़े संतों ने बताया कि धर्मनगरी काशी के उपेक्षित पड़े देवालयों में पूजन और पुजारी दोनों का योगक्षेम अखिल भारतीय संत समिति वहन करेगी। ऐसे देवालयों, शिवालयों में पूजा, आरती एवं शृंगार–भोग के लिए प्रतिमाह ढाई हजार रुपये और सेवारत पुजारी को पांच हजार रुपये मानदेय स्वरूप दिए जाएंगे। पहले चरण में काशी के 108 मंदिरों से इसका प्रारंभ हो रहा है। अखिल भारतीय संत समिति धर्मरक्षार्थ संकल्प की पूर्णता के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साथ मिलकर यह अभियान चलाएगी। श्रीकाशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में चलने वाले इस अभियान को 'हमारी काशी हमारे देवालय' नाम दिया गया है। उपेक्षित देवालय व्यवस्थित किए जाएंगे अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व महानिर्वाणी अखाड़े के महासचिव महंत रवींद्रपुरी ने कहा कि अभियान में काशी के उपेक्षित देवालय व्यवस्थित किए जाएंगे। ऐसे देवालयों में नियमित पूजन–अर्चन शृंगार आरती का प्रबंध किया जाएगा। जहां पुजारी नहीं है वहां पुजारियों की नियुक्ति की जाएगी। श्रीकाशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी और गंगा महासभा के संगठन महामंत्री गोविंद शर्मा के नेतृत्व में एक समिति इस तरह के मंदिरों का चयन करेगी।आर्थिक प्रबंधन महानिर्वाणी अखाड़ा करेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से इस पुनीत कार्य में



बढ़ चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। पूजा, आरती का प्रबंध करेंगी समितियां स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि यह अभियान धर्मरक्षा एवं जनजागरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगे चलकर स्थानीय लोगों की दस सदस्यीय समितियां बनाई जाएंगी जो मंदिरों में पूजा आरती के प्रबंध की चिंता करेंगी। पिछले वर्ष काशी में आयोजित संस्कृति संसद में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवीन्द्रपुरी ने यह संकल्प व्यक्त किया था। अब दूरदर्शी सोच के साथ योजनापूर्वक एवं चरणबद्ध से इसे मूर्त रूप देने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो रहा है।

# एसबीआई के रिटायर मुख्य प्रबंधक की धारदार हथियार से वार कर हत्या, लूटपाट

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में मड़ियांव के राम–राम बैंक पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बृहस्पतिवार शाम को बदमाश घर के अंदर घुस गये। लूटपाट करने लगे। जिसका विरोध घर के अंदर एसबीआई के रिटायर मुख्य प्रबंधक ललित मोहन पांडेय (74) ने किया। तो बदमाशों ने उनकी धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। अंदर रखे कीमती सामान व नकदी लूट ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह के मुताबिक मड़ियांव के एसबीआई कालोनी स्थित मकान नंबर एमएमबी 1/112 निवासी ललित मोहन पांडेय परिवार के साथ रहते हैं। ललित मोहन भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक के पद से 2007 में सेवानिवृत्त हुए। परिवार में पत्नी प्रीति पांडेय, बेटा नमित पांडेय और बेटी मालविका पांडेय उर्फ मौली है। बेटा पुणे में नौकरी करता है। वहीं बेटी मालविका शादी के बाद लंदन में परिवार सहित रहती है। लखनऊ के मड़ियांव स्थित मकान में ललित मोहन व उनकी पत्नी प्रीति ही रहते हैं। रोज की तरह ललित की पत्नी प्रीती चार बजे के करीब टहलने व सब्जी खरीदने के लिए निकली थी। घर में ललित मोहन अकेले थे। करीब डेढ़ घंटे बाद वह घर वापस लौटीं। दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुई तो अंदर पोर्टिको से लेकर कमरे तक खून फैला हुआ था। जिसे देख प्रीति डर गई। वह पति को आवाज लगाते हुए कमरे की तरफ गई। जहां पति नहीं मिले और न ही उनका कोई जवाब मिला। इसके बाद वह किचन की तरफ गई तो वहां पर खून से लथपथ ललित का शव पड़ा था। बुजुर्ग की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मौके पर डीसीपी उत्तरी एस. चिन्नपा, एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह, एसीपी अलीगंज सै. अली अब्बास अपनी टीम के साथ पहुंच गये। लूटपाट के विरोध में हुई हत्या एसीपी अलीगंज सै. अली अब्बास के मुताबिक वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। पड़ताल करने पर घर में कई जगह खून से सने जूतों के निशान मिले हैं। एसीपी के मुताबिक ललित मोहन को घर में अकेला देख कर ही बदमाश अंदर दाखिल हुए थे। एसीपी के अनुसार घर के अंदर सामान बिखरे हुए थे। इससे साफ है कि ललित की हत्या लूटपाट के विरोध में हुई। वहीं ललित मोहन ने बदमाश से काफी देर तक संघर्ष किया था। वहीं, लूट का विरोध होता देख बदमाशों ने धारदार हथियार से ललित मोहन का गला रेतने, सिर पर कई वार और कलाई की नस काट दी । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देर रात तक ललित के परिवारीजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस की नजर में करीबी ने की वारदात एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह के मुताबिक इस हत्याकांड के खुलासे के लिए कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आशंका है कि ललित



मोहन व प्रीति के बारे में पूरी जानकारी रखने वाले लोगों ने ही वारदात को अंजाम दिया है। इसमें परिवार का कोई करीबी भी हो सकता है। जिसे यह मालूम था कि रोज शाम को डेढ़ घंटे तक प्रीति घर से बाहर रहती हैं। बृहस्पतिवार को भी प्रीती घर से बाहर गईं हुईं थीं। उसी दौरान बदमाश घर में आ धमका। पूर्व नियोजित साजिश के तहत लूट के इरादे से आए बदमाश ने विरोध किए जाने पर ललित की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी इस बिंदू पर जांच कर रहे हैं। मरने से पहले ललित ने की संघर्ष पुलिस के मुताबिक घर के अंदर का नजारा देखकर साफ लग रहा है। ललित व बदमाशों के बीच संघर्ष हुआ है। इस दौरान ललित पर हमला किया गया। वहीं ललित की पत्नी प्रीति ने पुलिस को बताया कि वह रोज की तरह घर से जाते समय बाहर का गेट बंद करके गई थी। कोई अंदर नहीं आ सकता है। इस बिंदु पर भी पुलिस पड़ताल कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश दीवार फांदकर घर के अंदर दाखिल हुआ होगा। पुलिस इस मामले की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। सरेशाम हत्या से पुलिसिंग पर सवाल ललित मोहन पांडेय का मकान राम–राम बैंक चौराहे पर है। चौराहे पर चंद कदमों की दूरी पर पुलिस चौकी भी है। जहां हर वक्त खासकर शाम केसमय पुलिस की मुस्तैदी रहती है। वहीं सिग्नल लगने के कारण शाम के 8 बजे तक यातायात पुलिस व होमगार्ड के जवान भी मौजूद रहते हैं। ऐसे में शाम 4 से 5.30 बजे के बीच हुई इस हत्या ने पुलिस की मुस्तैदी की पोल खोल दी है। सरेशाम को भीड़भाड़ वाले चौराहे पर स्थित मकान में रहने वाले बुजुर्ग की हत्या से सवाल खडे हो रहे हैं। वारदात के बाद पुलिस ने मौके पर डागस्क्वायड और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। दोनों टीमों ने साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिये हैं। डीसीपी उत्तरी एस. चिन्नपा के मुताबिक चेहरे, सिर व गले पर वार करके हत्या की गई है। पुलिस टीम ने पड़ताल शुरू कर दिया है। फोरेंसिक व डागस्क्वायड की टीम लगी है। हर पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# मोबाइल में मिले 480 गेम : नौवीं मंजिल पर पड़ा था बैग : गर्लफ्रेंड वाले बिंदु पर भी जांच

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में दसवीं के छात्र शिवम यादव की मौत रहस्य बन गई है। उसके मोबाइल में 480 गेम मिले, जबकि उसका बैग नौवीं मंजिल पर पड़ा मिला। वहीं गर्लफ्रेंड वाली बात भी सामने आ रही है। पुलिस ने सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच शुरू कर दी है। लेकिन सभी के मन एक ही सवाल दौड़ रहा है कि शिवम ने आत्महत्या की या फिर उसे कॉलोनी की आठवीं मंजिल से किसी ने फेंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उसके शरीर में 21 फ्रेक्चर सामने आए है। आइए जानते हैं कि इस मामले में पुलिस की जांच कहां तक पहुंची है। अंसल टाउन में आठवीं मंजिल से गिरने पर हुई भी मौत, हत्या का केस दर्ज मोदीपुरम में पल्लवपुरम थाना क्षेत्र के अंसल टाउन कॉलोनी निवासी जिम ट्रेनर प्रशांत यादव के बेटे और दसवीं के छात्र शिवम की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। शिवम को रोज टॉवर की आठवीं मंजिल से फेंका गया था। वहीं, उसका बैग टॉवर की नौवीं मंजिल पर मिला है। शिवम के मोबाइल में 480 गेम भी मिले हैं। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि टॉवर से गिरने के पीछे किसी तरह का गेमिंग टॉस्क तो कारण नहीं था। बैग के अलग मंजिल पर मिलने सहित अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है। घटना से पहले वह सीसीवीटीवी कैमरे में कान पर ईयरफोन लगाकर पैदल जाता दिखाई दे रहा है। वह किसके पास जा रहा था, इसका पता अभी नहीं लग पाया है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर में 21 फ्रेक्चर बताए गए हैं। शिवम बुधवार शाम घर से ट्यूशन के लिए कहकर निकला था। ट्यूशन जाने की बजाय वह घर से करीब 400 मीटर दूर रोज टॉवर के नीचे पड़ा मिला। परिजनों का आरोप है कि शिवम को आठवीं मंजिल से फेंका गया है। लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। गुरुवार को शिवम का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। दोपहर में सूरजकुंड पर अंतिम संस्कार कर दिया गया, लेकिन



उसकी मौत की गुत्थी नहीं सुलझी है।सेहत का ध्यान रखता था शिवम, पढ़ाई का नहीं था दबाव शिवम के अंतिम संस्कार के बाद प्रशांत छोटे बेटे शिवांग को गोद में लेकर बैठे रहे। उन्होंने कहा कि बेटे पर पढ़ाई का दबाव नहीं था, उसे जिम करने का शौक था। वह अपनी सेहत का ध्यान रखता था। हर दिन जिम जाता था। उसके बेटे को आठवीं मंजिल से फेंका गया है, जबकि उसका बैग नौवीं मंजिल पर मिला है। इसकी सही जांच हो। हम किसी निर्दोष को जेल नहीं भेजना चाहते। लेकिन हमारे बेटे को न्याय मिलना चाहिए। मम्मी भाई कब आएगा बेटे की अर्थी ले जाते समय मां बेटे के शव से लिपटकर रोने लगी। वह कई बार बेहोश हुई। घर पर कुछ देर होश में आई तो शिवांग ने मम्मी से पूछा–मेरा भाई कब आएगा। इस बात को सुनकर वहां मौजूद अन्य लोगों की आंखें भी नम हो गईं। एसपी सिटी विनीत भटनागर का कहना है कि शिवम के मोबाइल की सीडीआर निकाली जा रही है। उसी से शिवम की मौत का राज खुलेगा। उसके मोबाइल में दो छात्रों के नंबर मिले हैं। इसकी रिकॉर्डिंग है। बातचीत में जिम में मिलने की बात हुई है। कई नंबर डिलीट होने का आशंका है।

# अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ें वर्ग हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ें वर्ग के न्यूनतम इण्टरमीडिएट शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों को लिपिकीय स्तरीय प्रतियोगिता सम्बन्धित एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए सम्मिलित विषयों में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य हिन्दी, सामान्य गणित, सचिवीय पद्वति, बुक कीपिंग एण्ड ऐकाउन्टेन्सी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि तथा कम्प्यूटर शिक्षा प्रमुख हैं। अर्ह अभ्यर्थियों की आयु 01 अप्रैल 2022 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अप्रैल 2022 से प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु उक्त वर्ग के अर्ह अभ्यर्थियों से विलम्बतम 26 मार्च 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार 28 मार्च 2022 को तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 29 मार्च 2022 को प्रातः 10 बजे से शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर में होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता/जाति से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लायें। प्रशिक्षण सम्बन्धी समस्त जानकारी हेतु अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय, जौनपुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मतदान के दिन मद्यनिषेध दिवस घोषित किए जाने हेतु आबकारी की समस्त दुकाने मादक वस्तुओं की बिक्री के लिए पूर्णता रहेगी बंद

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के अनुक्रम में अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी विभाग अनुभाग–2 द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्नं निर्वाचन संचालन कराने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 भाग (ग) के खंड (एक) में यथा उपबंधित के अनुसार मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्त होने तक तथा मतगणना के दिन जनपद के मतगणना स्थल से संवधित क्षेत्रों में तथा यथाआवश्यक पुनमतदान मतदान के दिन मद्यनिषेध दिवस घोषित किए जाने हेतु आबकारी की समस्त दुकाने मादक वस्तुओं की बिक्री के लिए पूर्णता बंद रखे जाने का प्रावधान है। इसके साथ ही शासकीय अधिसूचना द्वारा उपरोक्त बंदी के दिनों में व्यक्तिगत रूप से साथ में रखी जाने वाली मादक वस्तुओं की सीमा भी नियंत्रित किए जाने का प्रावधान है अतः विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में मतदान एवं मतगणना के दिन मद्य निषेध घोषित किए जाने/लोक शक्ति बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराए जाने के उद्देश्य से संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 की धारा–59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश दिया गया है कि उक्त आदेश संबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, ताड़ी, भांग की दुकान एवं माडल शाप तथा सीएल–2, एफएल–2/2बी को नियत अवधि के दौरान मादक वस्तुओं की बिक्री पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। इस बंदी अवधि में अनुज्ञापियो को कोई प्रतिफल देर नहीं होगा। उक्त अवधि में मतदान एवं मतगणना के दौरान मादक वस्तुओं के उपभोग को नियंत्रित करने के लिए उनके कब्जे में रखे जाने की सीमा का प्रावधान लागू रहेगा। इस अवधि में कोई भ्ज्ञी व्यक्ति न हो मादक पदार्थो की भी मात्रों का न तो संचय करेगा और न ही परिवहन अथवा वितरण करेगा। इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पंचम चरण 27 फरवरी 2022 को जनपद प्रतापगढ़, प्रयागराज एवं सुल्तानपुर की सीमा से 08 किमी0 की दूरी तक जनपद जौनपुर के समस्त आबकारी अनुज्ञापन, 25 फरवरी के सायंकाल 06 बजे से 27 फरवरी 2022 को मतदान समाप्ति तक बन्द रहेंगी। इसीप्रकार पष्ठम चरण 03 मार्च 2022 को जनपद अम्बेड़कर नगर की सीमा से 08 किमी0 की दूरी तक जनपद जौनपुर के समस्त आबकारी अनुज्ञापन 01 मार्च 2022 के सायंकाल 06 बजे से 03 मार्च 2022 को मतदान समाप्ति तक बन्द रहेंगी। सप्तम चरण 07 मार्च 2022 जनपद जौनपुर के समस्त आबकारी अनुज्ञापन 05 मार्च 2022 के सायंकाल 06 बजे से 07 मार्च 2022 को मतदान समाप्ति तक, मतगणना दिवस 10 मार्च 2022 जनपद जौनपुर के समस्त आबकारी अनुज्ञापन 10 मार्च 2022 को मतगणना की समाप्ति तक बन्द रहेगी।

# उत्तर प्रदेश बन रहा उत्तम प्रदेश : उत्तर प्रदेश का हो रहा चहुंमुखी विकास – जेपी नड्डा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राम नगरी अयोध्या में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है।इस प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।उन्होने अपने संबोधन में कहा कि इस समय अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है।अब सबकी इच्छा पूरी होने जा रही है ।हम भाजपा कार्यकर्ता है हम किसी को एमपी एमएलए बनाने नहीं आते हम एमपी एमएलए से देश की तस्वीर उनका काम करते हैं।उन्होने कहा कि सभी दल के लोग आपसे वोट मांगने आएंगे।प्रजातंत्र है सबको वोट मांगने का अधिकार है जब वोट मांगने आए तो उसे जरूर पूछना।किस अधिकार से वोट मांगने आए हैं आज अखिलेश जी मंदिर जा रहे हैं घंटी बजा रहे हैं जिनको चरणामृत लेना नहीं आता वह आजकल चंदन लगा रहे हैं भाजपा वैचारिक पार्टी है विचारों की पार्टी है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा था तीन तलाक हटाना चाहिए किसी में दम नहीं था भाजपा ने हटाया मोदी जी ने पार्लियामेंट में वोट के आधार पर तीन तलाक को समाप्त किया। पाकिस्तान में तीन तलाक नहीं है बांग्लादेश में तीन तलाक नहीं है अफगानिस्तान में तलाक नहीं है ईरान में तीन तलाक लागू नहीं है इराक में तीन तलाक लागू नहीं है यह हमारा ही देश था जहां पर तुष्टीकरण को लेकर तीन तलाक लागू था और मोदी जी ने एक झटके में तीन तलाक लागू किया और मुस्लिम महिलाओं को आजाद किया।अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है कि मोदी जी की देन है चाहे दीपोत्सव हो या कोई कार्यक्रम हो सब में श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक भाग लेते हैं महिला बुजुर्ग किसान युवा की चिंता करने वाली हमारी पार्टी है गरीबों की चिंता मोदी जी ने की असहायो की चिंता मोदी जी ने की लॉकडाउन के दौरान गरीबों के खाते में पांच ध्500 भेजने का काम मोदी जी ने किया। लॉकडाउन के दौरान 20 करोड़ बहनों के खाते में पांच ध्500 भेजे गए।अयोध्या उत्तर प्रदेश में लगभग 42 लाख घर बने हैं सबके सिर पर छत हो यह मोदी जी का सपना है। 130 करोड़ के देश में 50 करोड़ लोगों को मुफ्त इलाज कराने के लिए पांच पांच का आयुष्मान कार्ड दिया गया हेल्थ इंश्योरेंस दिया गया।अयोध्या मोदी जी देश की तकदीर बदलने के लगे हैं तो योगी जी उत्तर प्रदेश की। किसानों के लिए किसी ने इतना नहीं किया जितना मोदी जी ने किया 180 लाख रुपए खर्च करके



किसानों के खातों में सम्मान निधि भेजी गई और यह काम 56 इंच के सीने ने करके दिखाया। सौभाग्य योजना के तहत भी लाखों को लोगों को बिजली देने काम किया गया। मोदी जी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश को मिले हैं। देश दुनिया से सीधे श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेगा और राम लला का दर्शन करेगा ऐसी सुविधा दी जा रही है।।पॉँच साल में उत्तर प्रदेश आर्थिक रूप से सातवें नंबर से छलांग लगाकर दूसरे नंबर पर आ गया है।अयोध्या के विकास के लिए हम संकल्प लेकर बढ़ रहे हैं और उस संकल्प को पूरा करेंगे।अखिलेश ने अपने चुनाव में अपने पूज्य पिताजी को ले गए इसे साफ संदेश जाता है कि अखिलेश उत्तर प्रदेश के चुनाव नहीं अपने विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।उन्होने कहा कि हमने ओबीसी को संवैधानिक दर्जा दिया।उत्तर प्रदेश के 3 जिलों में कचहरी में बम ब्लास्ट हुआ जिस में मरने वालों की संख्या 15 थी घायल होने वालों की संख्या 50 थी श्रमजीवी एक्सप्रेस बम ब्लास्ट हुआ था मुजाहिदीन ने इसकी भी जिम्मेदारी ली थी। एनआईए ने आतंकवादी को पकड़ा था दो आतंकवादियों खिलाफ मुकदमा चला अखिलेश ने 2012 में बतौर मुख्यमंत्री 15 आतंकवादी केस वापस ले लिया। बाद में हाईकोर्ट ने कहा केस वापस लेने के बाद भी इन पर मुकदमा चलेगा।यह है अखिलेश का असली चेहरा।गोरखपुर बम ब्लास्ट इसमें भी तारिक कासमी को छुड़ाया गया।रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला हुआ 7 सीआरपीएफ के जवान मारे गए थे एन आईए ने इसकी जांच की इसमें भी केस वापस लिया गया लेकिन हाईकोर्ट ने कहा केस वापस नहीं होगा और इसमें 7 लोगों को सजा हुई। मैं बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष आरोप लगाता हूं कि सपा के कार्यकाल में आतंकवादियों को छोड़ा गया।अखिलेश जी आप के कार्यकाल में प्रदेश में 200 दंगे हुए हैं।मुख्तार अंसारी अतीक अहमद आजम खान क्यों जेल में है इसलिए जब कानून का राज है कोई माफिया हो या कोई भी हो जो गलत काम करेगा वह जेल जाएगा। मेरा निवेदन है भाजपा के साथ साथ निषाद पार्टी अपना दल के प्रत्याशियों को भी जिताये। पंजाब के मुख्यमंत्री ने बोला था यूपी के भइयों को पंजाब में घुसने मत देना।इस तरह की लोग भाषा बोलते हैं।

# सात दिवसीय बेसिक रोवर्स रेंजर्स लीडर्स प्रशिक्षण सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर पर कुलपति डॉ.निर्मला एस.मौर्य ने सभी रोवर्स रेंजर्स लीडर्स को प्रशिक्षण नियमित और अनुशासित रूप से संपन्न करने पर बधाई दी। कहा कि विभिन्न जगहों से आए लोग एक दूसरे की कार्य पद्धति से कुछ न कुछ सीखते हैं और नवसृजन करते हैं। प्रशिक्षण आपसी ज्ञान के आदान–प्रदान का मंच होता है। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य



सहकारी पीजी कालेज डॉ आशुतोष गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से सेवा भावना पैदा होती है,साथ ही उन्होंने स्काउट गाइड संस्था के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सेवा भावना पर विचार प्रशिक्षुओं के समक्ष रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.विजय कुमार सिंह अध्यक्ष शिक्षक संघ ने किया। संयोजक रोवर्स रेंजर्स डॉ. जगदेव ने विश्वविद्यालय परिसर में बहुत ही व्यवस्थित ढंग से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राकेश कुमार यादव, सहायक कुलसचिव श्री अमृतलाल पटेल, डॉ.हरिओम त्रिपाठी डॉ. अजय कुमार दुबे डॉ.अमरजीत उपस्थित रहे। समापन के दिन सभी प्रशिक्षुओं को कुशल प्रशिक्षकगण एवं प्रशिक्षिकाओं के द्वारा रोवर्स रेंजर्स लीडर्स को दीक्षित किया गया। प्रशिक्षुओं में डॉ.श्याम सुंदर उपाध्याय, डॉ.कर्मचन्द यादव, डॉ.योगेंद्र प्रताप सिंह, डॉ.राजेन्द्र सिंह, डॉ.प्रभात यादव, विनीता श्रीवास्तव,डॉ. कंचन यादव डॉ.जया सिंह डॉ.अनिल कुमार सहित सभी प्रशिक्षुगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार मिश्र ने किया।

# नदीम जावेद समेत 300 समर्थकों पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर कोतवाली पुलिस ने जौनपुर सदर सीट के कांग्रेस प्रत्याशी नदीम जावेद और उनके 300 समर्थकों के विरुद्ध कोविड–19 गाइडलाइन व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई राज कालेज पुलिस चौकी प्रभारी




चंदन कुमार राय की तहरीर पर गुरुवार को की गई। तहरीर के अनुसार गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे जौनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नदीम जावेद ने नामांकन पत्र भरने के लिए जुलूस निकाला। इसके चलते नवाब युसुफ रोड व कोतवाली चौराहा पर समर्थकों व वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। कोतवाली चौराहा पर समर्थकों ने आतिशबाजी भी की। इससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हुआ। जुलूस के कारण हरलालका रोड, चहारसू चौराहा, ओलंदगंज, सब्जी मंडी रोड पर काफी देर तक जाम लगा रहा। इससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वही इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# बसपा नेता विनय कश्यप ने हरदोई में किया जन सम्पर्क

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हरदोई के सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र–बालामऊ के ग्राम सभा– बालामऊ बांण एवं पैरा में जनसम्पर्क करते



हुए तिलक चन्द्र पासी को विधानसभा क्षेत्र– बालामऊ का विधायक बनाने के लिए अपील की गई जिसमें विनय कुमार कश्यप एडवोकेट (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा), राकेश कुमार गौतम (मुख्य सेक्टर संयोजक लखनऊ मण्डल बसपा) एवं सौरभ कुमार पाल(विधानसभा संयोजक), ई.जितेंद्र वर्मा (विधानसभा संयोजक) मौजूद रहे।

# देवी पाटन मण्डल की सभी सीटों पर सपा की जीत तयःअशोक कुमार तिवारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सपा नेता व सनातन धर्म परिषद् उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी ने गोण्डा जनपद के 301 गौरा विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी संजय विद्यार्थी के साथ



विभिन्न ग्रमसभाओं में जनसम्पर्क किया। श्री तिवारी ने बताया कि सपा प्रत्याशी के लिए भारी जन–समर्थन व लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है, मतदाताओं को साइकिल के सामने वाला बटन दबाने के लिए इन्तजार है तो बस मतदान की तारीख 27 फरवरी का! गौरा के साथ ही देवी पाटन मण्डल की सभी सीटों पर भारी बहुमत से समाजवादी पार्टी की जीत तय है।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा नकली सोने के बिस्किट दिखाकर लोगों से असली गहने व पैसे प्राप्त करने वाले गिरोह का किया गया पर्दाफास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम के सम्बन्ध मे सघन अभियान के क्रम मे श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 16/02/2022 समय करीब 14.30 बजे सरोखनपुर मोड. से नकली सोने के बिस्किट से लोगो के साथ छल कर ठगी करने वाले गिरोह के दो अभियुक्तों को 03 पीला रंग के नकली सोने के बिस्किट व 2 किलो गाजा व एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस को उपरोक्त गिरोह के सम्बन्ध में पूर्व से भी सूचनाए प्राप्त हो रही थी नाम पता अभियुक्तगण व आपराधिक इतिहास :– 1.सुरज कुमार गौतम पुत्र नामवर प्रसाद गौतम निवासी महुआरी थाना बरसठी जौनपुर। आपराधिक इतिहासः– 1. मु0अ0सं0 42/22 धारा 419/420 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 43/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3. मु0अ0स0 54/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बरसठी जौनपुर । 4. मु0अ0स0 133/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बरसठी जौनपुर। 2– राजकुमार सिंह उर्फ बब्लू पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी अल्लापुर थाना मछलीशहर जौनपुर आपराधिक इतिहासः–1. मु0अ0सं0 42/22 धारा 419/420 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 43/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3. मु0अ0स0 398/2007 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मछलीशहर जौनपुर। बरामदगी– 1. 03 पीली धातु नकली सोने के बिस्किटनुमा। 2. 2 किलो ग्राम गांजा 3. एक मोटरसाइकिल। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष सदानन्द राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0 अजय प्रकाश पाण्डेय ,हे0का0 विनोद कुमार सिंह,चा0हे0का0 मनोज कुमार चौबे,का0 ओमप्रकाश मिश्रा ,का0 गया प्रसाद पटेल,का0 संतोष यादव ,का0 अभिमन्यू यादव,का0 रवि प्रकाश यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# गोरखपुर क्षेत्र में चार जनसभाएं करके मतदाताओं को साधेंगे पीएम मोदी : बस्ती में 27 फरवरी को मांगेंगे जीत का आशीर्वाद

गोरखपुर ब्यूरो : छठवें और सातवें चरण के चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोरखपुर क्षेत्र की 62 विधानसभा सीटों पर माहौल बनाएंगे। वह गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ़ मंडल के अलग–अलग जिलों में चार जनसभाएं करेंगे। इसका खाका तैयार कर लिया गया है। पहली जनसभा 27 फरवरी को बस्ती में हो सकती है। बस्ती की जनसभा का प्रसारण वर्चुअल माध्यम से संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर में भी होगा। भाजपा गोरखपुर क्षेत्र का दायरा तीन मंडलों के 10 जिलों तक फैला है। इनमें विधानसभा की 62 सीटें हैं। गोरखपुर–बस्ती मंडल में ही विधानसभा की 41 सीटें हैं। गोरखपुर–बस्ती मंडल में तीन मार्च को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले ही भाजपा चुनाव प्रचार में ताकत झोंक देगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षेत्र में चार जनसभाएं होंगी। इसकी सहमति मिल चुकी है। पहली जनसभा बस्ती में प्रस्तावित है।महराजगंज व देवरिया में भी जनसभा हो सकती है। आजमगढ़ में प्रधानमंत्री की जनसभा कराई जाएगी। आजमगढ़ मंडल में भी विधानसभा की 21 सीटें हैं, जहां सातवें चरण में सात मार्च को चुनाव होना है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के हिसाब से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पार्टी की क्षेत्रीय व जिला इकाई हर जनसभा को एतिहासिक बनाएगी। प्रधानमंत्री की जनसभा के बाद भाजपा के पक्ष में और अच्छा माहौल होगा। भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार के कामकाज से जनता खुश है। जनता ही चाहती है कि उत्तर प्रदेश में दोबारा भाजपा सरकार बने। गोरखपुर–बस्ती मंडल में मिली थी बड़ी सफलता गोरखपुर–बस्ती मंडल में विधानसभा की 41 सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त सफलता मिली थी। पार्टी व उसके सहयोगी दलों ने 37 सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा अकेले 35 सीटें जीतने में कामयाब हुई थी। सपा, बसपा और कांग्रेस को चार सीटों पर जीत मिली थी। बस्ती मंडल के तीन जिलों में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया था। इस मंडल के तीन जिलों (बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर) में विधानसभा की 13 सीटें हैं। सभी सीटें भाजपा व उसके सहयोगी दलों ने जीती थीं। अखिलेश के गढ़ में भी गरजेंगे पीएम मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के गढ़ आजमगढ़ में भी दहाड़ेंगे। सातवें चरण के चुनाव से पहले आजमगढ़ में जनसभा करेंगे।



वहां विधानसभा की 10 सीटें हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक सीट पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार सहयोगी दल निषाद पार्टी व अपना दल (एस) के साथ चुनाव मैदान में है। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में अच्छे नतीजे सामने आएंगे। गोरखपुर क्षेत्र में मिली थीं 46 सीटें भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के लिहाज से गोरखपुर, बस्ती और आजमगढ़ मंडल के 10 जिलों में विधानसभा की 62 सीटें हैं। 2017 के चुनाव में भाजपा व उसके सहयोगी दलों ने 46 सीटें जीती थीं। भाजपा अकेले ही 44 सीटें जीतने में कामयाब हुई थी। लिहाजा, पार्टी पूरा जोर लगाएगी। इस क्षेत्र का चुनाव छठवें और सातवें चरण में होना है। शाह–योगी सहित तमाम नेता भी करेंगे प्रचार भाजपा की क्षेत्रीय इकाई ने छठवें और सातवें चरण में धुआंधार चुनाव प्रचार की रणनीति बना ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ताबड़तोड़ जनसभाएं होंगी। रोडशो भी होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का भी कार्यक्रम मांगा गया है। गृहमंत्री अमित शाह गोरखपुर में रोडशो कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की भी जनसभा कराई जाएगी। भाजपा नेताओं के मुताबिक 22 फरवरी के बाद शीर्ष स्तर के नेता चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। यह सिलसिला छठवें व सातवें चरण के चुनाव प्रचार खत्म होने तक चलता रहेगा।

# आगरा में व्यापारी के बेटे की हत्या : 23 जनवरी को हुआ था अपहरण : जंगल में दफन मिली लाश

आगरा ब्यूरो : आगरा के इरादतनगर थाना क्षेत्र के गांव हज्जुपुरा से 25 दिन पहले अगवा नौ साल के छात्र कुलदीप की हत्या कर दी गई। उसके शव को गांव से एक किलोमीटर दूर जंगल में दफन कर दिया था। तीन दिन पहले परिजनों से 35 लाख रुपये फिरौती मांगी गई। इस पर पुलिस को सुराग मिला। शक के दायरे में आए गांव के तीन युवकों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद शव बरामद कर लिया गया। गांव हज्जुपुरा निवासी किराना व्यापारी गब्बर सिंह का नौ साल का बेटा कुलदीप 23 जनवरी को घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। वह कक्षा एक में पढ़ता था। दोपहर तीन बजे उसे ट्यूशन पढ़ने को भेजने के लिए कुलदीप को तलाशना शुरू किया। उसके साथ खेलने वाले बच्चों से जानकारी की। बच्चों ने बताया कि कुलदीप को उन्होंने गांव में दोपहर में एक तेरहवीं में देखा था। इसके बाद उसका पता नहीं चला। कई घंटे बाद भी उसका पता नहीं लगने पर पुलिस को सूचना दी थी। मुकदमा दर्ज कर कुलदीप की तलाश शुरू कर दी। किराना व्यापारी के बेटे के लापता होने से ग्रामीण भी परेशान थे। उन्होंने चुनाव में वोट नहीं देने का एलान किया था। गांव के ही तीन युवकों ने की वारदात थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि गांव के ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें मुकेश, कन्हैया और आशु हैं। तीनों ने मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया है। वह घटना वाले दिन कुलदीप के पास पहुंचे थे। वह उस समय मंदिर के पास खेल रहा था। उसे गिल्ली डंडा खिलाने के बहाने अपने साथ ले गए। एक



किलोमीटर जंगल में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को गाढ़ दिया। उसके लापता होने के बाद परिजनों के साथ तलाश में भी लगे हुए थे। अब फिरौती मांगी थी। उनकी निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि तीनों कुलदीप के पिता से रंजिश मानते थे। आशु से किराना व्यापारी का घर में हुई चोरी की वजह से झगड़ा हुआ था। उन्होंने उसकी पिटाई लगाई थी। मामला समझौते के बाद में निपट सका था। इसके साथ ही मुकेश और कन्हैया से भी किसी ना किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इसीलिए वह रंजिश मानते थे।

# विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे प्रत्याशी : मतदाता साधे है चुप्पी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय विधानसभा चुनाव के चलते राजनीति दलो के प्रत्याशी व कार्यकर्ता मतदाताओ को अपनी ओर लुभाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे है।कोई राम का सहारा ले रहा है तो कोई सोशल मीडिया का व जाति समीकरण का।लेकिन मतदाता पूरी तरह से चुप्पी साधे हुये है।वही जिले के किसी किसी विधानसभा में मतदाताओ ने आरोप लगाया कि अभी तक विकास न होने के चलते मतदान करने का उन लोगों ने बहिष्कार किया है।अगर राजनैतिक जानकारो की माने तो देश व प्रदेश की सत्ता का रास्ता विश्व की राम नगरी अयोध्या से ही होकर जाता है।इस बार यहां से दोबारा चुनाव लड़ रहे भाजपा के प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे उर्फ पवन पांडे से कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है।सूत्र के मुताबिक वे भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। सपा के पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने पूरे 5 साल विधानसभा में मजबूती से जनता के द्वार पर उनके सरोकारो सुख दुख में शामिल होकर मजबूत जमीन तैयार कर ली, जिससे भाजपा प्रत्याशी कि दोबारा जीत की राह आसान नहीं है। जबकि सुप्रीमकोर्ट के आदेश के बाद हिंदुओं के आस्था एवं आराध्य देव रामलला का दिव्य एवं भव्य मंदिर तेजी से नगरी अयोध्या में बनना शुरू हो गया है।जिसके सहारे पूरे देश के कई प्रदेशों में हो रहे चुनाव मैं हिंदू जनमानस राष्ट्रवाद की सरकार बनाने के पक्ष में अपने नागरिक अधिकार को बचाने की भारतीय जनता पार्टी ने मुहिम छेड़ रखी है। जिसका सीधा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डायनेमिक फायर ब्रांड गृहमंत्री अमित शाह एवं यूपी के हिंदुत्व का झंडा बुलंद करने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूरी ताकत लगा दी है।भारतीय जनता पार्टी को आगामी 2022 के आसन्न विधानसभा चुनाव मे जिले के पांचों विधानसभाओं में जहां समाजवादी पार्टी सहित सभी विपक्षी पार्टियों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है।वहीं पर पार्टी को प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कड़ी टक्कर दे रहे है जबकि रुदौली विधानसभा में समाजवादी पार्टी से पाला बदलकर बसपा का दामन थामने वाले अब्बास अली जैदी रुश्दी समाजवादी के प्रत्याशी आनंद सेन यादव के लिए बड़ी बाधा खड़ी कर दिया है। वहीं पर भाजपा प्रत्याशी विधायक रामचंद्र यादव की हैट्रिक की राह मे बडा कांटा साबित हो रहीहै।उनको अपना अस्तित्व बचाने की जबरदस्त चुनौती है।वही गोसाईगंज विधानसभा से जेल में निरुद्ध इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की पत्नी आरती तिवारी के अपने सुहाग की दुहाई देकर भावुक अपील से मतदाता की कितनी सहानुभूति बटोर सकती है यह आने वाली 27 फरवरी ही बतायेगी।वही सपा के पूर्व विधायक अभय सिंह ने भी अपनी मजबूती से सियासी चाल चलकर शाम दाम दाम दण्ड सहित सभी जीत के अस्त्र अपना रहे है।विधानसभा बीकापुर से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व भाजपा विधायक शोभा सिंह एवं पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह चौहान के पुत्र अमित सिंह चौहान ने अपनी पूरी ताकत लगा लगा कर दिन रात धुआंधार प्रचार में लगे हैं वहीं पर प्रमुख विपक्षी दल से सोहर ब्लॉक के पूर्व ब्लाक प्रमुख बसपा से पाला बदलकर आए मजबूत सियासी जनाधार वाले गब्बर ने जीत के सारे हथकंडे अपना रहे वहीं पर कांग्रेस पार्टी छोड़कर आए मजबूत जनाधार रखने वाले देव काली मंदिर के पुजारी परिवार के सुनील पाठक ने बसपा सुप्रीमो बहन मायावती की सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले के तहत मजबूत आधार पर चुनावी ताल ठोक कर भाजपा और सपा को करारी टक्कर दे रहे हैं। विधानसभा मिल्कीपुर में पूर्व कैबिनेट मंत्री अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी से मजबूत जनाधार के सहारे भारतीय जनता पार्टी के सिटिंग विधायक बाबा गोरखनाथ को करारी टक्कर दे रहे हैं। जबकि पूरे जिले में मतदाता साइलेंट है, वह किसी दल के पक्ष में खुलकर बोलने को तैयार नहीं आगामी 10 मार्च को देखना है कि जिले की पांचों विधानसभा सीटों में कमल खिलता है या फिर तेज रफ्तार से साइकिल दौड़ती है या फिर हाथ का पंजा अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराएगा या झाड़ू निशान के आधार पर पूरे देश पर कब्जा करने की सियासी मंशा रखने वाले अरविंद केजरीवाल की पार्टी झाड़ू लगाकर सब की सफाई करेगी यह तो 10 मार्च को आने वाला चुनाव परिणाम ही तय करेगा।

# मान्यताओं परंपराओं और संविधान की रक्षा के लिए है यह चुनाव –गंगा सिंह यादव

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा कि यह चुनाव लोकशाही बनाम तानाशाही है।मान्यताओं परंपराओं और संविधान की रक्षा के लिए कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए समाजवादी पार्टी मैदान में है।वहीं दूसरी तरफ भाजपा सरकार की मनमानी चंद पूंजीपतियों के हाथों में देश की संपदा सौपने के लिए जनता को स्वास्थ्य शिक्षा से महरूम करने के लिए चुनाव में झूठ भ्रम व अफवाह के सहारे है।उक्त बातें सपा जिलाध्यक्ष ने बीकापुर विधानसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय मे कहीं।सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव के अनुसार मिल्कीपुर विधानसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने आज अपने आवास पर पूर्व बसपा प्रत्याशी सूरज चौधरी को हजारों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई।इस मौके पर श्री प्रसाद ने स्वागत करते हुए कहा कि बसपा पूर्व प्रत्याशी सूरज चौधरी जनाधार वाले नेता है बसपा ने उनके साथ अन्याय किया उनको घोषित करके उनका टिकट काट दिया उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होकर पूरे जिले में पांचों सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे और समाजवादी पार्टी उनके व उनके समर्थक का मान–सम्मान का पूरा ख्याल रखेगी इस अवसर पर पूर्व बसपा प्रत्याशी सूरज चौधरी ने कहा हम अपने समर्थकों के साथ अयोध्या जनपद की सभी सीटों पर विजय पताका फरहा कर अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव बलराम मौर्य मदन यादव सुजीत यादव मीसम यादव आदि लोग मौजूद रहे । बीकापुर विधानसभा केंद्रीय कार्यालय सोहावल पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव व बीकापुर सपा प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर ने भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य आसाराम निषाद अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने स्वागत करते हुए कहा कि श्री निषाद व उनके समर्थकों के मान सम्मान का पूरा ख्याल समाजवादी पार्टी रखेगी श्री निषाद के आने से अयोध्या जनपद में सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी को विजय मिलेगी श्री निषाद के साथ शामिल होने वाले मुख्य रूप से प्रधान रामचंद्र निषाद मुकेश निषाद जोखू राम वर्मा राम पक्ष वर्मा ने भी सदस्यता ली इस अवसर पर सपा नेता जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद विधानसभा अध्यक्ष केके पटेल युवजन सभा जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव राम चेत यादव अवधेश गोस्वामी राम चंद्र रावत नरेंद्र यादव फरीद अहमद दशरथ सिंह आदि लोग मौजूद रहे । अयोध्या विधानसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन की मौजूदगी में साहबगंज में बाल्मीकि समाज व स्वच्छ समाज ने बैठक करके समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया पार्टी प्रत्याशी तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही सभी समाज का हित सुरक्षित है सपा सरकार ने हमेशा बिना किसी भेदभाव सभी वर्गों के लिए काम करती है इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल वसी हैदर गुड्डू मो सफफन मुकेश जयसवाल पी पी श्रीवास्तव कन्हैया लाल आदि लोग मौजूद रहे गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्राम सभा पकरेला मया बाजार में आयोजित कार्यक्रम में गोसाईगंज के प्रत्याशी पूर्व विधायक अभय सिंह ने भाजपा नेता कुलदीप गुप्ता व संदीप शर्मा को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सपा प्रत्याशी अभय सिंह ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही सभी को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी किसानों को मुफ्त सिंचाई जैसी तमाम विकास की योजनाएं लागू की जाएगी इस अवसर पर मुख्य रूप से भानु यादव रामरक यादव चंद्रभान वर्मा आदि लोग मौजूद रहे रुदौली विधानसभा मैं सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव के पक्ष में सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने मवई चौराहे पर जनसंपर्क किया इस अवसर पर चौधरी बलराम यादव रेहान खान देशराज यादव राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## बीमार चल रहे पद्मश्री शरीफ चचा की ओर नही जा रहा शासन प्रशासन का ध्यान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)एक समय जब आज से दो वर्ष पहले शाम को घोषणा हुई कि लावारिस लाशों के मसीहा कहे जाने वाले अयोध्या के शरीफ चाचा को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।इस खबर को जैसे ही शासन प्रशासन,राजनैनिक व गैर राजनैतिक दल के नेता व अन्य वर्ग के लोग उनसे मिलने के दौड़



पडेद्य।सभी लोग उनके साथ फोटो खिचाने लगे।जैसे लगा कि आर्थिक तंगी से जीवन गुजार रहे व लावारिस लाशो के मसीहा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शरीफ चचा के दिन अब अच्छे आने वाले है।परंतु एक कुछ नहीं हुआ।समय बीतता गया और लोग उन्हें भूलते गये।आज उनकी यह हालात है कि वे इस समय काफी बीमार है और आर्थिक तंगी के चलते उनका इलाज सही ढंग से नही हो पा रहा है।उनके परिजनो के मुताबिक उनसे मिलने अभी तक कोई शासन प्रशासन व और वे लोग नही गये जो कभी उन्हें उस समय सम्मानित होने बधाई देने के लिये गये थे।मालूम हो कि उनके परिजन के मुताबिक इस समय उनकी स्पाइन गल जाने की वजह से स्वास्थ्य बहुत दिनों से खराब चल रहा है।जिनका इलाज लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल से चल रहा है जहां पर उनके परिजनो के मुताबिक आर्थिक कमी होने की वजह से नाम मात्र से उनका ट्रीटमेंट दिया जा रहा है।उनके परिजन ने बताया कि पद्मश्री सम्मान के बाद भी इनको सरकार की तरफ से कोई भी सुविधाएं नहीं दी जा रही है।जिसकी वजह से इनके स्वास्थ्य सही होने में कोई भी बदलाव नहीं है।वही इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर्स एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल शरीफ चाचा की हौसला अफजाई के लिए मिला।शिष्टमंडल में सुहैल अहमद,अजेन्द्र सिंह,सुरेंद्र पाल सिंह उर्फ मिंटू भाई, मो उमर और श्री पुनीत केसरवानी शामिल रहे।उल्लेखनीय है कि गरीबों और लावारिसों को कफन देने वाला आज जनरल वार्ड में बिना किसी सरकारी मदद के बे सरोसामान पड़े हैं।जो अत्यंत दुखद है।

# दिव्यांगो व बुजुर्गो ने अपना मत डालकर किया 2022 लोक तंत्र के महापर्व का आगाज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में गुरुवार को दिव्यांग व बुजुर्गों ने वोट डाल 2022 के लोकतंत्र के महापर्व का आगाज किया।इस मौके पर पोलिंग पार्टियों ने दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के घर–घर जाकर शाम को पांच बजे तक वोट डलवाए।पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी के साथ मजिस्ट्रेट और सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।इस बार निर्वाचन आयोग ने नई व्यवस्था लागू की है।दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान की सुविधा पहली बार प्रदान की जा रही है।इसके लिए पहले ही जिले के 80 साल के ऊपर के मतदाताओं के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के यहां कर्मचारियों के जरिए सर्वे कराया गया। जिन बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर ही मतदान करने की सहमति जताई।उनकी विधानसभावार सूची तैयार की गई। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में गुरुवार को 13 पोलिंग पार्टियों ने दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं से वोट डलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।यह अगले दो दिन तक चलने की उम्मीद है।अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पोलिंग पार्टी ने 21 मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कराया।पोलिंग पार्टी नियावां चौराहा स्थित 88 साल के राजेंद्र कुमार पाठक के घर पहुंची।वह छत पर थे।उनके छत पर ही अस्थायी पोलिंग बूथ बनाया गया।अकेले में उन्होंने बैलेट पेपर पर मुहर लगाई।पार्टी ने सामने लिफाफा किया और उन्होंने अपना वोट उसमें डाल दिया।फिर इसे वहीं पर सील कर दिया गया।वही पटरंगा प्रतिनिधि के मुताबिक ब्लॉक मवई सेक्टर मजिस्ट्रेट नेबुलाल की टीम ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ क्षेत्र के असरफ नगर, मोहम्मदपुर, हुनहुना, बरतरा सहित अन्य गांवों में घर–घर जाकर मतदान कराया गया। ग्राम पंचायत बूथ नंबर 42 पंचायत भवन बरतरा गांव के दिव्यांग मतदाता आशीष कुमार पांडे, बुजुर्ग महिला सुखदेई कनौजिया व दिव्यांग रामदास रावत ने मतदान किया।चुनाव आयोग से की गई घर–घर मतदान कराने की व्यवस्था की सराहना की।अमानीगंज प्रतिनिधि के मुताबिक कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान कराया। मतदान तीन दिन चक चलने की उम्मीद है। पहले दिन अमानीगंज ब्लॉक के डूंडी, चंदौरा, हर्षपुर, मोहम्मदपुर, कोटिया गांव में मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंची। सेक्टर मजिस्ट्रेट विवेक शुक्ला ने बताया कि पहले दिन 16 दिव्यांग/वृद्धजनों का मतदान होना था।इनमें 15 लोगों ने मतदान किया।एक मतदाता घर पर मौजूद न होने के कारण मतदान नहीं कर सका।उन्होने बताया कि कोटिया में पांच, चंदौरा में दो, हर्षपुर में एक, डूडी में एक, मोहम्मदपुर में छह मतदाताओं ने मतदान किया।मोहम्मदपुर मे मतदाता के घर न होने के चलते मतदान नहीं नहीं कर सका। कोटिया में रामसेवक के घर पहुंची टीम ने उनकी चारपाई पर ही पोलिंग बनाया और उनसे मतदान कराकर लिफाफा सील कराया। इस अवसर पर माइक्रो ऑब्जर्वर पीके सेंठी, सेक्टर मजिस्ट्रेट विवेक शुक्ला, मतदान अधिकारी प्रथम अनुराग खरे, सुपरवाइजर मसरूर अहमद, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने पहुंच कर उनका मतदान कराया। वही अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रामपुर पुवारी उपरहार की शिव पता पत्नी हरिराम ने सेक्टर मजिस्ट्रेट की देखरेख में अपने आवास पर चारपाई पर लेटे–लेटे ही मतदान किया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहीं हैं। मतदान के समय सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बीएलओ रेखा सिंह, लेखपाल राम फकीरे व अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।मतदान कराने के बाद सभी पोलिंग पार्टियां से प्राप्त बंद लिफाफे को कोषागार के डबल लॉक में रखवाया जाएगा। इसे मतगणना के दिन खोला मतगणना स्थल पर ही खोला जाने का व्यवस्था बताई गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के घरों पर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।इसके लिए 13 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। जो मौके पर जाकर उससे संबंधित कार्रवाई कर रही है। संबंधित मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर आदि की उपस्थिति में मतपत्र बंद लिफाफे में दिया जाएगा।उन्होने बताया कि पहली बार मतदाताओं के घर पोलिंग पार्टियां पहुंच रही हैं।वही जनपद अयोध्या का मतदान पांचवें चरण में 27 फरवरी को होना है।

# छप्पर में आग लगने से घर में रखी सारी गृहस्थी जलकर हुई राख

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के थाना कुमारगंज क्षेत्र में अज्ञात कारणों से छप्पर के मकान में लगी आग घर में रखी सारी घर गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर में 28 मार्च को लड़के की शादी होनी था। घर में रखी नगदी व कपड़े भी जलकर राख हो गए हैं।सूत्र के मुताबिक जिले के थाना कुमारगंज अंतर्गत नगर पंचायत कुमारगंज के बवां पूरे नेमा गांव निवासी वकील छप्पर के घर में रहते हैं। दोपहर बाद अज्ञात कारणों से लगी आग से घर में रखी घर घर गृहस्थी समेत बच्चों के पढ़ने की कॉपी किताब भी जलकर राख हो गई। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे, कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक सारी गृहस्थी जलकर राख हो गई। पीड़ित मोहम्मद वकील की पत्नी ने बताया कि मेरे देवर मोहम्मद अकील की शादी 28 मार्च को होनी सुनिश्चित हुई है, शादी के लिए हम अपने परिवार के लिए कपड़े भी लाए हुए थे, जो इसी आग में जल गए हैं। अब हमारे घर में खाने पीने व पहनने के लिए एक भी कपड़ा नहीं है। प्रशांत उपाध्याय ने घटना की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल को दी है। अग्नि कांड की जानकारी होने के बाद विजय कुमार उपाध्याय ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर सहायता राशि देते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## जिले भर के स्कूलों में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) माध्यमिक शिक्षा विभाग ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जो शहर के कनौसा कान्वेंट इंटर कॉलेज में आयोजन हुआ।इस मौके पर रंगोली के माध्यम से लोगों को जागरुक किया गया।वही छात्राओं ने मतदान से संबंधित रंगोली बनाई।इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार कनौसा कानवेंट इंटर कॉलेज पहुँचकर छात्राओं को पुरस्कृत किया।वही उन्होने सभी को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।वही जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील किया कि सभी मतदाता जाति धर्म से उठकर मतदान करके एक स्वच्छ सरकार चुने।वही इसी कड़ी में जिले के बीकापुर नगर के भारती इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने एक किलोमीटर से अधिक बड़ी रैली निकाल कर मतदाताओ को मतदान करने का संदेश दिया।इस मौके पर शिक्षक व अन्य कर्मचारी व सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी साथ रहे।

## बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के समर्थकों ने प्रचार में झोंकी ताकत

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के बीकापुर विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवकाली मंदिर अयोध्या के महंत सुनील पाठक की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद ने युवा साथियों के साथ विधानसभा क्षेत्र के तमाम जगहों पर डोर टू डोर जनसंपर्क किया। और कानून व्यवस्था का राज स्थापित करने तथा जन कल्याणकारी सरकार के गठन के लिए बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक को जिताने की अपील किया। जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद ने कहा कि चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुनील पाठक को मिल रहे व्यापक समर्थन से बड़ी जीत होगी। और प्रदेश में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय का एजेंडा लागू होगा। बहन मायावती जी फिर एक बार मुख्यमंत्री बनेगी। नुक्कड़ सभाओं का भी आयोजन हुआ। इस दौरान लालमणि निषाद, राम सुमेर, अरविंद भारती, बब्बू मोर्या, डॉ सुरेश कुमार, डॉ अशोक कुमार निषाद, डॉक्टर श्रीनाथ निषाद, अमरजीत त्यागी, सुधीर रंजन, परवीन कुमार सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 12 मार्च 2022 को

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) लोक अदालत माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।जिसमें निम्नांकित विषयों से संबंधित वादों का निस्तारण किया जायेगा।पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन0आई0ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) है। न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)–आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन0आई0ऐक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐं, श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से सम्बंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्त लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और मा0 उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा। उक्त जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी।

# दो दिन पहले भाजपा में शामिल हुये दिग्विजय निषाद ने बीजेपी छोड़कर सपा में जताई आस्था

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विधानसभा चुनाव से पहले राजनैतिक गलियारो में पार्टी के पदाधिकारियो का आना जाना लगा है।वही इसी कड़ी में जिले के बीकापुर विधान सभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे पूर्व मंत्री सीताराम के बेटे दिग्विजय निषाद जो दो दिन पहले आम आदमी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुये थे।उन्हें तीसरे ही दिन समाजवादी पार्टी ने अपने पाले में लेकर पार्टी में शामिल करा लिया।सूत्र के मुताबिक गोसाईगंज विधान सभा क्षेत्र के नेतवारी चतुरपुर तुलसीनगर में गुरुवार को हुई समाजवादी पार्टी की नुक्कड़ जनसभा में विधायक अभय सिंह ने पार्टी का गमछा देकर उन्हें सपा में शामिल कराया।इस अवसर पर पूर्व विधायक अभय सिंह ने कहा कि दिग्विजय के मान सम्मान में कोई कमी नही आने दी जायेगी।इन्हें पार्टी हमेशा सम्मान देने का काम करेगी।बताते चलें दिग्विजय निषाद समाजवादी पार्टी नेता व पूर्व मंत्री स्वर्गीय सीताराम निषाद के पुत्र हैं जिनकी पत्नी रेखा निषाद विगत में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुकी हैं और पराजय का सामना किया था तत्पश्चात दिग्विजय निषाद ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर भाजपा को चौंकाने का काम किया था।विगत एक सप्ताह पूर्व जहां पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी द्वारा दिग्विजय निषाद को भारतीय जनता पार्टी में शामिल करा कर वाहवाही लूटी गई थी वहीं पर आज अचानक परिवर्तित हुए घटनाक्रम में दिग्विजय निषाद ने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी अभय सिंह के नेतृत्व में घर वापसी कर लोगों को पुनः चौकाने का काम किया है।निश्चित ही निषाद समाज का वोट कुछ दिन पूर्व भाजपा छोड़ सपा में शामिल हुए सिया राम निषाद व दिग्विजय निषाद की मौजूदगी में अभय सिंह के पक्ष में जाने की उम्मीद जताई जा रही है जो कि उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।इस कार्यक्रम के अवसर पर राम हजूर वर्मा,राम सहाय वर्मा,राम सूरत वर्मा,रमेश कुमार वर्मा,बैजनाथ वर्मा,पंकज वर्मा,धनीराम वर्मा,संजय वर्मा,चन्द्रिका प्रसाद,प्रदीप गौड़,राम मूरत गौड़,राजदेव वर्मा,राम सूरत गौड़ समाजवादी पार्टी में शामिल हुये।

# अविवाहित युवती ने बच्चे को दिया जन्म : अस्पताल में ही छोड़कर भागी : महिला कर्मी को देखरेख के लिए सौंपा गया

मिर्जापुर ब्यूरो : मिर्जापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में बुधवार की रात एंबुलेंस से आई अविवाहित युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद युवती बच्चे को अस्पताल में छोड़कर परिजन के साथ भाग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। नवजात बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य कर्मी के पास देखरेख के लिए सौंप दिया गया। मड़िहान थाना क्षेत्र की एक युवती के पेट में बुधवार की शाम को दर्द होने लगा। जिससे युवती के परिजनों ने पेट में गैस के चलते दर्द होने की आशंका जताते हुए एंबुलेंस 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों के परीक्षण के दौरान युवती गर्भवती पाई गई। अविवाहित युवती को गर्भवती होने की रिपोर्ट मिलने पर परिजन अस्पताल में हंगामा करने लगे। जब स्वास्थ्य कर्मी युवती को प्रसव कराने लेबर रूम में ले गए, तब तक युवती



को छोड़कर परिजन अस्पताल से फरार हो गए। परिजनों के जाने के कुछ देर बाद युवती बच्चे को अस्पताल में छोड़कर किसी साथी के साथ चली गई। युवती के वापस न आने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे मड़िहान थानाध्यक्ष शैलेश कुमार राय ने नवजात बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत महिला कर्मी के पास देखरेख के लिए सौंपा। बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## समाज मे नफरत फैलाने का कार्य कर रहा है विपक्ष– निर्मल खत्री

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)पूर्व सांसद डाक्टर निर्मल खत्री ने भाजपा पर समाज मे नफरत फैलाने का आरोप लगाया है। खत्री रूदौली ब्लाक के ग्राम ऐहार में कांग्रेस प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला के समर्थन में एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादे किये थे एक भी वादा उसने पूरा नही किया।किसान,नौजवान,व्यापारी सभी वर्ग के लोग इस सरकार से त्रस्त हैं।कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो वादा करती है तो उसे पूरा करके दिखा देती है।श्री खत्री ने कहा कि यदि जनता ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाई तो किसानों का कर्ज दस दिन के अंदर माफ होगा।धान व गेंहू का समर्थन मूल्य 2500 रुपये कर दिया जायेगा। किसानों का गन्ना चार सौ रुपये की दर से खरीदा जायेगा।इसके अलावा भी कांग्रेस पार्टी ने किसानों के हित मे कई घोषणाएं की है।कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला ने उपस्थित जनता से एक बार वोट रुपी आशीर्वाद देने की अपील की।सभा को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शिव पूजन पाण्डेय,पूर्व जिलाध्यक्ष राम दास वर्मा आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।